# भारत की सर्दियां पर्यटन का उत्सव है

**पीएम मोदी ने 'मन की बात' से देशवासियों किया संबोधित**



**नई दिल्ली, 30 नवबंर. 'मन की बात' के 128वें संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की सर्दियां सिर्फ मौसम नहीं, बल्कि पर्यटन का उत्सव हैं.**

उन्होंने बताया कि देश के पहाड़ी राज्यों की प्राकृतिक विरासत दुनिया के यात्रियों के लिए स्वर्ग जैसी है. वोकल फॉर लोकल की बढ़ती लोकप्रियता को उन्होंने आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया. मोदी ने देश में पहाड़ों और संस्कृति के साथ-साथ रोमांचक खेलों के लिए अनुकूल परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा है कि भारत में सर्दियों के पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और इन्हें बढावा दिये जाने की जरूरत है. पीएम मोदी ने रविवार को यहां अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि दुनिया के कई देशों ने सर्दियों में होने वाले पर्यटन को अपनी अर्थव्यवस्था का बहुत बढ़ा आधार बना दिया है. अनेक देशों में दुनिया के सबसे सफल शरद उत्सव और शरद खेल मॉडल हैं वैश्विक आकर्षण का केन्द्र हैं. देश में सर्दियों के पर्यटन की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा , हमारे देश में भी सर्दियों के पर्यटन की हर क्षमता मौजूद है. हमारे पास पहाड़ भी हैं, संस्कृति भी है और रोमांच की असीम संभावनाएं भी हैं. मुझे खुशी है. उन्होंने कहा कि इन दिनों उत्तराखंड का सर्दी पर्यटन लोगों को बहुत आकर्षित कर रहा है.

**क्रिसमस और नए साल पर स्वदेशी ही खरीदें**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोगों से अपील की कि वे क्रिसमस और नये साल पर स्वदेशी ही खरीदें. पीएम मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा, मुझे खुशी है कि वोकल फॉर लोकल की भावना को देश के करोड़ों लोगों ने अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है. इस साल जब आप त्योहारों की खरीदारी के लिए बाजार में गये होंगे, तो एक बात आप सभी ने महसूस की होगी. देश स्वदेशी की ओर लौट रहा है. लोग अपने मन से भारतीय उत्पादों को चुन रहे थे. इस बदलाव को छोटे से छोटे दुकानदार ने भी महसूस किया. इस बार युवाओं ने भी वोकल फॉर लोकल अभियान को गति दी. आने वाले कुछ दिन में क्रिसमस और नये वर्ष पर खरीदारी का नया दौर शुरू होने वाला है. मैं आपको फिर याद दिलाउँगा, वोकल फॉर लोकल का मंत्र याद रखें.

**देश में बढ़ रही है शहद की मिठास**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आज देश शहद उत्पादन में नये रिकॉर्ड बना रहा है और देश में शहद की मिठास बढ़ने के साथ किसानों की आमदनी भी बढ़ रही है. पीएम मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि 11 साल पहले देश में शहद का उत्पादन 76 हजार टन था. अब यह बढ़कर डेढ़ लाख टन से भी ज्यादा हो गया है.

## अमेरिका के ड्रोन हमले में 2 आतंकवादी मारे गए

**सना.** यमन में मारिब प्रांत के पूर्व में अल वादी जिले के अल-हुसून इलाके में शनिवार को एक अमरीकी ड्रोन हमले में अल-कायदा के दो कथित आतंकवादी मारे गए. एक स्थानीय सरकारी सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी है. सूत्र ने कहा कि दोनों युवक अल-वादी जिले के थे, लेकिन उन्होंने अपने नाम नहीं बताए. यह हमला यमन में चल रहे आतंकवाद निरोध अभियान के बीच हुआ, जहां अमरीकी ड्रोन ने समय-समय पर उन लोगों को निशाना बनाया है. माना जाता है कि वे अल-कायदा समेत आतंकवादी समूह से जुड़े हैं. इस घटना के बारे में न तो अमेरिका और न ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यमन सरकार ने कोई आधिकारिक बयान जारी किया है.



## चक्रवात दितवा के प्रभाव से केरल में बारिश, येलो अलर्ट

**चेतावनी : अगले कुछ दिनों में बिजली गिरने के आसार**

**तिरुवनंतपुरम, 30 नवंबर. दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने चक्रवात दितवा के कारण केरल के कई हिस्सों में बारिश हो रही है.**

मौसम विभाग (आईएमडी) ने राज्य के कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के नवीनतम बुलेटिन के अनुसार केरल के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा होने की संभावना है, जिसके कारण रविवार को इडुक्की, मलप्पुरम और वायनाड जिलों में अलर्ट जारी किया गया है. येलो अलर्ट का आशय है कि 24 घंटों के भीतर 64.5 मिमी से 115.5 मिमी तक भारी बारिश होने की संभावना है. श्रीलंका-बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के पास स्थित चक्रवात दितवा दक्षिण भारत के ऊपर बादलों के पैटर्न को प्रभावित कर रहा है, जिसके चलते केरल के कुछ हिस्सों में आसमान में बादल छाए हुए हैं. बादल छाए रहने के कारण कुछ क्षेत्रों में दिन के समय मौसम ठंडा या हल्का सुहावना बना रहा. मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिनों में बिजली गिरने के साथ गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं लेकिन यह चक्रवात की दिशा और मौसम प्रणालियों के विकसित होने पर निर्भर करेगा.

## सोनिया व राहुल गांधी पर नई एफआईआर

### एजेएल कंपनी को धोखाधड़ी से हासिल करने का आरोप

**नई दिल्ली, 30 नवंबर.दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कांग्रेस नेताओं सोनिया व राहुल गांधी के खिलाफ नया आपराधिक मुकदमा दर्ज किया है.**

तीन अक्टूबर को दर्ज की गई एक एफआईआर में छह अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं. उन पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) पर धोखाधड़ी से कब्जा करने की आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया है. मुकदमे के विवरण के अनुसार गांधी परिवार ने अपनी 76 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली कंपनी यंग इंडियन के जरिए एजेएल का अधिग्रहण कराया. एजेएल कांग्रेस से जुड़ी कंपनी है और इसकी



अनुमानित संपत्ति 2,000 करोड़ रुपये है. पुलिस की यह कार्रवाई ईडी की जांच इकाई की शिकायत पर हुई है. ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में काफी समय से जारी धन शोधन जांच के निष्कर्ष दिल्ली पुलिस को सौंपे थे. ईडी ने जिसके तहत वह किसी अन्य एजेंसी को अनुसूचित अपराध की जांच करने का निर्देश दे सकता है.

डॉटेक्स को एक शेल कंपनी बताया गया है, जिसने यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपये दिए थे. यह धनराशि बाद में कांग्रेस पार्टी को 50 लाख रुपये देकर अधिक संपत्ति वाली एजेएल को हासिल करने में इस्तेमाल की गयी. जांच के तहत पुलिस एजेएल के शेयरधारकों से पूछताछ करेगी कि क्या कंपनी को यंग इंडियन के स्वामित्व में करने से पहले उनकी सहमति ली गई थी या नहीं. यह नयी एफआईआर इस मामले में एक और कानूनी मामला जोड़ती है जो सबसे पहले भाजपा के पूर्व सांसद डॉ. सुब्रह्मण्यम स्वामी की शिकायत से शुरू हुई थी.

## मेक्सिको में गोलीबारी में छह लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी, 30 नवंबर.** मेक्सिको के हिडाल्गो राज्य के तुला शहर में अज्ञात लोगों के एक बार पर किये गये हमले में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम दस घायल हो गये. सरकारी टेलीविजन प्रसारक फॉर्मूला ने यह जानकारी दी है. प्रसारक ने शनिवार देर रात बताया कि चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायलों को गंभीर हालत में तुला और पास के शहर टेपेजी के अस्पतालों में ले जाया गया जहां कुछ ही देर बाद उनकी भी मौत हो गयी. प्राप्त जानकारी के अनुसार बंदूकधारियों का एक समूह दो पिकअप ट्रकों में ला रेसाका नाइट क्लब पहुंचा और बार में मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी.

## तीन मुकदमों में फंसे नेतन्याहू ने इजरायल राष्ट्रपति से मांगी माफी

**येरुशलम, 30 नवंबर. इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को देश के राष्ट्रपति इसाक हजीग को एक औपचारिक क्षमादान अनुरोध सौंपते हुए आशा जतायी है कि उनके क्षमादान से देश में राष्ट्रीय सुलह का माहौल बनेगा.**

गौरतलब है कि पिछले पाँच वर्षों से पीएम नेतन्याहू पर रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी और विश्वास भंग करने के तीन अलग-अलग मामलों में मुकदमा चल रहा है. यह बात दीगर है कि वे किसी भी गलत काम से इनकार करते रहे हैं. एक वीडियो संदेश में पीएम नेतन्याहू ने कहा कि वह इस प्रक्रिया को अंत तक देखना पसंद करते, लेकिन राष्ट्रीय हित इसके विपरीत



मांग करता है. इस महीने की शुरुआत में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने श्री हजीग से प्रधानमंत्री को पूरी तरह से माफ करने का आग्रह किया था. हजीग ने स्पष्ट कर दिया था कि क्षमादान चाहने वाले किसी भी व्यक्ति को औपचारिक अनुरोध प्रस्तुत करना होगा. राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा हजीग इस असाधारण अनुरोध, पर विचार करने से पहले न्याय अधिकारियों से राय लेंगे.

**तेलंगाना में अगले 48 घंटों में भारी बारिश**

**हैदराबाद, 30 नवंबर.** तेलंगाना के खम्मम, नलगोंडा, सूर्यपेट और नागरकुरनूल जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है. मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार को यह जानकारी दी. यहाँ जारी दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया है कि सोमवार को राज्य के भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम, नलगोंडा और सूर्यपेट जिलों में भी यही स्थिति बनी रहने की संभावना है. अगले 72 घंटों के दौरान तेलंगाना में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है. रिपोर्ट में कहा गया है कि तीन से पांच दिसंबर तक राज्य में शुष्क मौसम रहने की संभावना है. पिछले 24 घंटों के दौरान तेलंगाना में मौसम शुष्क रहा. शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात आदिलाबाद में सबसे कम 8 .2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया.

**एक नजर में**



### फिलीपींस में घोटाले के खिलाफ लोग सड़कों पर

**मनीला, 30 नवंबर.** फिलीपींस में बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं में हुए कथित घोटाले के खिलाफ रविवार को हजारों की तादाद में लोग सड़कों पर उतरे और हालात में बदलाव की मांग की। ट्रिलियन पेसो मार्च के नाम से देशभर में हुए विरोध प्रदर्शनों का आयोजन गिरजाघरों, नागरिक समाज संगठनों, छात्र संगठनों, मज़दूर संघों और राजनीतिक पार्टियों ने मिलकर किया. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फ़िलिपींस में बाढ़ नियंत्रण बुनियादी ढांचे की सरकारी परियोजनाओं में कथित घोटाले के खिलाफ यह प्रदर्शन हो रहा है. बीते 15 साल में फिलीपींस में इन परियोजनाओं में एक लाख 90 हजार करोड़ पेसो (करीब 33 अरब डॉलर) खर्च हुए, जबकि इसकी आधी रकम कथित तौर पर घोटालों की भेंट चढ़ गयी. इन्हीं आरोपों के चलते रविवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला सहित देश के कई हिस्सों में लोग सड़कों पर उतरे और राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर से इस्तीफ़े की मांग की. फिलीपींस के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र पुलिस ऑफ़िस के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मनीला के मुख्य विरोध प्रदर्शन स्थल पर शाम चार बजे तक करीब 5000 प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए थे.

### इंडिगो का ए 320 विमानों पर अपडेट कार्य पूरा

**नई दिल्ली, 30 नवंबर.** ए320 परिवार के विमानों पर फ्लाइट कंट्रोल की समस्या से संबंधित सॉफ्टवेयर अपडेट का काम इंडिगो ने पूरा कर लिया जबकि एयर इंडिया ने भी शनिवार देर रात तक 90 प्रतिशत काम पूरा होने की सूचना दी है. जेटब्लू की उड़ान 1230 में 30 अक्टूबर को हुई घटना के बाद एयरबस ने दुनिया भर में ए320 परिवार (ए319, ए320 और ए321) के कई संस्करणों के लिए अनिवार्य अपडेट संबंधी मशविरा जारी किया है. यह समस्या विमान के फ्लाइट कंट्रोल से संबंधित है. इसके बाद, पहले यूरोपीय संघ की विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) और फिर डीजीसीए ने एयरलाइंस के लिए निर्देश जारी किये हैं. भारत में तीन विमान सेवा कंपनियों इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास ए320 परिवार के विमान हैं.

### इराक में गोलीबारी में एक सैनिक की मौत

**बगदाद, 30 नवंबर.** दक्षिणी इराक के मायसन प्रांत में शनिवार को हुयी गोलीबारी में एक सैनिक की मौत हो गई और एक घायल हो गया. रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है. मंत्रालय ने बताया कि यह घटना अल-कहला इलाके में सुरक्षा बनाए रखने और वांछित लोगों को गिरफ्तार करने के लिए बनायी गयी एक जांच चौकी पर आकस्मिक जांच के दौरान हुई. मंत्रालय ने कहा कि चार लोगों को ले जा रहा एक पिकअप ट्रक जांच चौकी पर रुका नहीं और उसने अचानक अपना रास्ता बदल लिया. सुरक्षा बलों ने गाड़ी का पीछा किया तो संदिग्धों ने सैनिकों पर गोलियां चला दीं, जिससे एक सैनिक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया.

## सदन के नेताओं के साथ हुई बैठक सौहार्दपूर्ण रही : रिजिजू

**नई दिल्ली, 30 नवंबर. सरकार ने कहा है कि रविवार को बुलाई गई सर्व दलीय बैठक सौहार्दपूर्ण रही है और भरोसा है कि शीतकालीन सत्र के सुचारू संचालन में सरकार को सभी दलों का सहयोग मिलेगा.**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक के बाद रविवार को यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा सभी दलों के सदन के नेताओं के साथ हुई बैठक बहुत अच्छी, अत्यंत उपयोगी और सौहार्दपूर्ण रही. विपक्ष के सभी नेताओं ने सौहार्दपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी और इसके लिए मैं सभी दलों के सदन के नेताओं का आभार व्यक्त करता हूँ. सभी ने इसमें उत्साह से भाग लिया और अपनी-अपनी पार्टी के विचार रखे. उन्होंने कहा बैठक में राज्यसभा में सदन के नेता जे.पी. नड्डा, मंत्रिमंडल के सहयोगियों और मैंने सभी सुझावों को नोट कर लिया है और दोनों सदनों को व्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए सभी नेताओं के सुझावों और प्रस्तावों पर विचार करेंगे.

## सरदार पटेल ने भारत को एकजुट किया

**मंत्री जेपी नड्डा ने वडोदरा में सभा को किया संबोधित**

**वडोदरा, 29 नवंबर. केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय पदयात्रा के चौथे दिन गुजरात के वडोदरा में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल सच्चे राष्ट्र पुरुष थे, जिन्होंने भारत को एकजुट किया.**

श्री नड्डा ने सरदार पटेल की विशाल विरासत का उल्लेख करते हुए उन्हें (सरदार पटेल) सच्चा राष्ट्रपुरुष बताया, जिनके नेतृत्व ने एकीकृत भारत की नींव रखी. राष्ट्रीय पदयात्रा के चौथे दिन आज यश कॉम्प्लेक्स, इस्कॉन मंदिर (गोत्री रोड), बीपीसीएल चार्जिंग स्टेशन, ब्रह्माकुमारीज अटलादरा और अटलादरा बीएपीएस मंदिर को शामिल करते हुए भारी उत्साह से शुरू हुआ. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी पदयात्रा में शामिल हुए और प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया और अपनी उपस्थिति से युवाओं को प्रेरित किया. मार्ग के प्रत्येक पड़ाव ने सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों, सामुदायिक भागीदारी और नागरिकों के उत्साही जुड़ाव के माध्यम से एकता की भावना को दर्शाया. अटलादरा बीएपीएस मंदिर में, एक विशेष कहानी खंड, सरदार गाथा आयोजित किया गया.

उन्होंने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत केवल पटेल की कूटनीतिक क्षमता के कारण ही संभव हो पाया है. उन्होंने लंदन में अपनी कानूनी शिक्षा से लेकर अहमदाबाद में उनके शुरुआती नागरिक सुधारों तक पटेल की यात्रा का वर्णन किया. श्री नड्डा ने बारदोली आंदोलन, अहमदाबाद नगर निगम के अध्यक्ष के रूप में सरदार पटेल के प्रभावशाली कार्यकाल और सत्य, न्याय एवं राष्ट्रीय कर्तव्य के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को याद किया. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवल एक स्मारक नहीं है, बल्कि 1.6 करोड़ भारतीयों के लिए एकता का प्रतीक है. उन्होंने सरदार पटेल की विरासत को उचित श्रद्धांजलि देने में भाग लेने के लिए सभी पदयात्रियों को बधाई दी.





## प्रबुद्ध चेतना के लिए एक सार्वभौमिक ग्रंथ है गीता

**कुरुक्षेत्र.** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को श्रीमद्भागवत गीता को एक धार्मिक ग्रंथ से कहीं अधिक धार्मिक जीवन, साहसी कार्य और प्रबुद्ध चेतना के लिए एक सार्वभौमिक ग्रंथ बताया. उन्होंने कहा कि धर्म द्वारा निर्देशित अपने कर्म पर ध्यान केंद्रित करने का भगवान कृष्ण का आह्वान, एक सार्थक और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की कुंजी है. राधाकृष्णन ने यह बात गीता महोत्सव सम्मेलन में कही.

## उपचुनाव में बढ़-चढ़कर वोट दें : केजरीवाल

### दिल्ली वालों से लोकतंत्र मजबूत करने की अपील की



**नईदिल्ली, 30 नवंबर. दिल्ली की स्थानीय राजनीति में आज फिर से हलचल तेज़ है, क्योंकि नगर निगम उपचुनाव के लिए मतदाता अपने-अपने वार्डों में मतदान कर रहे हैं.**

इसी बीच आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों से लोकतांत्रिक जिम्मेदारी निभाने की अपील की है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि जिन वार्डों में चुनाव चल रहे हैं, वहां के मतदाता मताधिकार का इस्तेमाल अवश्य करें.

केजरीवाल की यह अपील ऐसे समय आई है जब दिल्ली में उपचुनाव राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा व जमीन दोनों से जुड़ा माना जा रहा है. जहां बीजेपी इस चुनाव को 'जनता का मूड' बताकर जीत की कोशिश में जुटी है, वहीं पार्टी इसे अपने काम और मॉडल की स्वीकृति मानती है. मतदाताओं के बीच भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, क्योंकि स्थानीय स्तर पर समस्याओं और सुविधाओं पर असर डालने वाले ये चुनाव काफी महत्वपूर्ण हैं.

दिल्ली में आज हो रहे नगर निगम उपचुनाव राजनीतिक तापमान को एक बार फिर चरम पर ले आए हैं. पांच वार्डों में जारी इस मतदान के बीच राजधानी के राजनीतिक परिदृश्य में हलचल साफ महसूस की जा सकती है. उपचुनाव भले ही छोटे स्तर पर दिखते हों, लेकिन शहर की स्थानीय व्यवस्था, सफाई, पार्क, सीवर, सड़क और वार्ड विकास जैसे मुद्दों पर इनका सीधा प्रभाव पड़ता है. ऐसे में इन नतीजों का महत्व केवल उम्मीदवारों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि राजनीतिक पार्टियों की रणनीति और जनता के मूड को भी दर्शाता है. इसी माहौल के बीच आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मतदाताओं से लोकतांत्रिक रूप से सक्रिय रहने की अपील की है. अपने एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा कि मतदाताओं को अपने वोट का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए, ताकि एक बेहतर और जवाबदेह स्थानीय प्रशासन का चयन हो सके. केजरीवाल की अपील को पार्टी समर्थकों और आम लोगों द्वारा तेजी से साझा किया जा रहा है.

**आज का इतिहास**

1717 स्पेनिश सैनिकों ने सर्दीनिया पर उतारा गया।

1762 एन. फ्रेंकलिन अमेरिकी अखबार न्यूपोर्ट आर आई, मर्करी की पहली महिला संपादक बनी।

1775 किंग जॉर्ज ने खुले विद्रोह में शामिल होने के लिए कॉलोनियों की घोषणा की।

1791 हाईटियन क्रांति की शुरुआत करते हुए, सेंट-डोमिंग्यू के फ्रांसीसी उपनिवेश में एक गुलाम विद्रोह हुआ।

1795 राष्ट्रीय संविधान द्वारा संविधान की पुष्टि की गई।

1798 आयरिश विद्रोह की सहायता के लिए फ्रांसीसी सैनिकों काउंटी मायो में किल्कमुमिन में स्थित किया गया।

1817 ब्राजील के अररकारा शहर की खोज हुई।

1848 संयुक्त राज्य अमेरिका ने न्यू मैक्सिको से समझौता किया।

## शिवराज सिंह आज सरस फूड फेस्टिवल का करेंगे शुभारंभ

**नई दिल्ली,30 नवंबर. केन्द्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को यहां सरस आजीविका फूड फेस्टीवल का उद्घाटन करेंगें.**

इस फेस्टिवल में राजधानी के लोगों को एक बार फिर भारतीय संस्कृति व खान पान की झलक दिल्ली की सुंदर नर्सरी में दिखाई देगी. सरस फूड फेस्टिवल 2025, महिला सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण है जो देश की राजधानी में आयोजित हो रहा है. इसका उद्देश्य न केवल देश की खाद्य संस्कृति से लोगों को परिचित कराना है बल्कि अन्य ग्रामीण महिलाओं को प्रेरित करना भी है. फेस्टिवल में 62 स्टॉलों पर करीब 300 से ज्यादा लखपति दीदीयां (महिला उद्यमी) व स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भाग ले रही है. ग्रामीण विकास मंत्रालय के मुख्य कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत



गठित देश भर के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को न केवल ग्रामीण उत्पाद बनाने में कुशलता हासिल है बल्कि विभिन्न राज्यों के परंपरागत पकवान बनाने में उनको दक्षता और महारथ हासिल है. सरस फूड फेस्टिवल में देश के 25 राज्यों की संस्कृति और स्वाद के संगम के संगम से न केवल रूबरू हो सकेंगे बल्कि इन राज्यों के सामाजिक ताने बाने के बारे में भी जान सकेंगे और इन राज्यों के प्रसिद्ध व्यंजनों से भी परिचित हो सकेंगे और उसका स्वाद ले सकेंगे. सरस फूड फेस्टिवल में 62 स्टॉलों में जहां 50 खाने के स्टॉल होंगे वहीं 12 स्टॉल प्राकृतिक खाद्य पदार्थों के होंगे.

**कार्यक्रम** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख ने भारतीय भाषाओं के कम उपयोग को लेकर चिंता व्यक्त की

## अपनी भाषा भूल रहे भारतीय : मोहन भागवत

**नागपुर, 30 नवबंर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर एक कार्यक्रम के दौरान भारत लोगों पर लोगों भारतीय भाषाओं को कम से उपयोग को लेकर चिंता व्यक्त की.**

नागपुर में संत ज्ञानेश्वर की मराठी में लिखी पुस्तक 'श्री ज्ञानेश्वरी' के अंग्रेजी संस्करण के विमोचन समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कुछ भारतीय लोग अपनी ही भारतीय भाषाएं नहीं जानते. भागवत ने ये भी कहा कि एक समय ऐसा था जब भारत



में संचार से लेकर लेन-देन तक हर काम संस्कृत में होता था, लेकिन आज विदेशी प्रोफेसर हमें संस्कृत पढ़ा रहे हैं, जबकि हमें दुनिया को यह भाषा सिखानी चाहिए थी. उन्होंने बताया कि आज के कई बच्चे घर पर मातृभाषा और अंग्रेजी के मिश्रण में बात करते हैं और कई बार साधारण शब्द भी ठीक से नहीं बोल पाते. उन्होंने साफ कहा कि इसके लिए अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा को दोष देना गलत है वास्तविक समस्या घर में भारतीय भाषाओं को न अपनाने की है. भागवत के अनुसार, अगर हम घर में अपनी भाषा शुद्ध रूप से बोलें, तो स्थिति सुधर सकती है, लेकिन हम ऐसा नहीं करते. भाषाई गहराई का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि ज्ञानेश्वर ने समाज की समझ बढ़ाने के लिए भगवद् गीता का ज्ञान मराठी में प्रस्तुत किया, क्योंकि कई भारतीय अवधारणाओं के लिए अंग्रेजी में सही शब्द ही नहीं हैं.

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कल्पवृक्ष का उदाहरण देकर पूछा इसे अंग्रेजी में कैसे अनुवाद करेंगे? और कहा कि ऐसे शब्द दिखाते हैं कि भारतीय भाषाओं की अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गहराई है, जो अनुवाद में खो जाती है. भागवत ने समाज से भारतीय भाषाओं को संरक्षित करने और घरों में इनके नियमित उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की.

## इन्फ्लुएंसर से छेड़खानी पर युवक गिरफ्तार

**मुंबई, 30 नवंबर.** महाराष्ट्र पुलिस ने 22 साल की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप 27 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी. अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी कुलदीप कनौजिया उत्तर प्रदेश के बस्ती का रहने वाला है और घटनास्थल के पास एक फैक्ट्री में काम करता था. उसने कथित तौर पर 26 नवंबर को पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की. घटना के समय पीड़िता गोरेगांव इलाके में रेडिसन होटल के पास एक पुल पार कर रही थी. घटना के तुरंत बाद आरोपी भाग गया.बाद में इंस्टाग्राम पोस्ट में पीड़िता ने पूरी घटना बताई.

## नीतीश ने किया सोनपुर मेले का निरीक्षण

**पटना, 30 नवम्बर. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को सारण जिला स्थित सोनपुर में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला 2025 का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये.**

मुख्यमंत्री श्री कुमार ने निरीक्षण के क्रम में मेला सह प्रदर्शनी क्षेत्र का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग, आर्ट एण्ड क्राफ्ट ग्राम, महिला एवं बाल विकास निगम, जीविका सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगायी प्रदर्शनी का अवलोकन किया. श्री कुमार ने स्टॉलों के निरीक्षण के दौरान विभिन्न उत्पादों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली. इस दौरान निर्माणकर्ताओं एवं विक्रेताओं ने



उत्पाद के निर्माण एवं उसकी लोगों तक पहुँच के लिये सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं एवं सहायता के लिये मुख्यमंत्री का आभार जताया . निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेला परिसर में नागरिक सुविधाओं, सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें.